मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 301
रविवार, 25 मई 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्यः पीएम मोदी



**नई दिल्ली, 24 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक शनिवार को हुई। गवर्निंग काउंसिल की बैठक का विषय है 'विकसित भारत@2047 के लिए विकसित राज्य'। नीति आयोग की सर्वोच्च संस्था परिषद में सभी राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें विकास की गति बढ़ानी है। अगर केंद्र और सभी राज्य एक साथ मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।

मोदी ने कहा कि विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा, तो भारत भी विकसित होगा। यह 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है। उन्होंने कहा कि राज्यों को वैश्विक मानकों के अनुरूप तथा सभी सुविधाएं और बुनियादी ढांचा प्रदान करके प्रत्येक राज्य में कम से कम एक पर्यटन स्थल विकसित करना चाहिए। एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य। इससे पड़ोसी शहरों का भी पर्यटन स्थल के रूप में विकास होगा। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है। हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। विकास, नवाचार और स्थिरता हमारे शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री की सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ यह पहली बड़ी बैठक है। बयान के अनुसार, विकसित भारत के लिए विकसित राज्य का विचार राज्यों से राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ जुड़े साहसिक, दीर्घकालिक और समावेशी विजन दस्तावेज तैयार करने का आह्वान है, जो स्थानीय वास्तविकताओं पर आधारित हों। इसमें कहा गया है, ₹इन विजनों में समयबद्ध लक्ष्य शामिल होने चाहिए। आम तौर पर, पूर्ण परिषद की बैठक हर साल होती है और पिछले साल यह 27 जुलाई को हुई थी।

## सीएपीएफ अधिकारियों की पदोन्नति में गतिरोध दूर करने को सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

**नई दिल्ली, 24 मई।** सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 2021 में होने वाली कैडर समीक्षा को छह महीने की अवधि के भीतर आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और एसएसबी सहित सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में किया जाए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने शुक्रवार को कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को कैडर समीक्षा और मौजूदा सेवा/भर्ती नियमों के संशोधन के संबंध में गृह मंत्रालय से कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त होने के तीन महीने के भीतर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया। यह निर्देश गैर-कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन, कैडर समीक्षा, पुनर्गठन और आईपीएस प्रतिनियुक्ति को समाप्त करने के उद्देश्य से भर्ती नियमों में संशोधन



की मांग करने वाली याचिकाओं के एक समूह की सुनवाई के दौरान जारी किया गया। पीठ ने कहा कि सीएपीएफ के कैडर अधिकारियों की सेवा गतिशीलता के दोहरे उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए, एक ओर ठहराव को दूर करना और दूसरी ओर बलों की परिचालन/कार्यात्मक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, हमारा विचार है कि सीएपीएफ के कैडर में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) के स्तर तक प्रतिनियुक्ति के लिए निर्धारित पदों की संख्या को समय के साथ उत्तरोत्तर कम किया जाना चाहिए। इससे सीएपीएफ के प्रशासनिक ढांचे के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया में सीएपीएफ से संबंधित कैडर अधिकारियों की भागीदारी की भावना आएगी, जिससे कैडर अधिकारियों की लंबे समय से चली आ रही शिकायतें दूर होंगी। पीठ ने सीमाओं पर और देश के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने में सीएपीएफ की आवश्यक भूमिका पर जोर दिया। इसने सीएपीएफ की तैनाती में शामिल जटिलताओं को स्वीकार किया, विशेष रूप से राज्य सरकारों और स्थानीय पुलिस बलों के साथ समन्वय के संदर्भ में। अदालत ने कहा कि केंद्र सरकार का मानना ??है कि प्रत्येक सीएपीएफ के अद्वितीय चरित्र को बनाए रखने के लिए आईपीएस अधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक है।

## गुजरात में भारतीय सीमा पर कड़ी सुरक्षा के बीच, पाकिस्तानी घुसपैठिए ने घुसने की कोशिश, बीएसएफ ने मार गिराया

**गुजरात, 24 मई।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शुक्रवार रात गुजरात के बनासकांठा जिले में भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के एक बयान के अनुसार, सैनिकों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके सीमा बाड़ के पास आते देखा। जब उसे चुनौती दी गई, तो घुसपैठिए ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया और आगे बढ़ना जारी रखा, जिससे सैनिकों को गोलीबारी करनी पड़ी। उसे मौके पर ही मार गिराया गया।

एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बीएसएफ ने एक विज्ञप्ति में बताया कि बल के सतर्क जवानों ने एक संदिग्ध



व्यक्ति को शुक्रवार रात बनासकांठा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करके सीमा बाड़ की ओर बढ़ते देखा।

विज्ञप्ति में कहा गया है, उन्होंने घुसपैठिए से रुकने को कहा लेकिन इसके बावजूद वह आगे बढ़ता रहा जिसके बाद जवानों ने गोलियां चला दीं। घुसपैठिए को मौके पर ही मार गिराया गया।

यह घटना भारत की आतंकवाद विरोधी कार्रवाई के बाद पाकिस्तान द्वारा लगातार सीमा पार दुस्साहस के बाद सीमा पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई है। भारतीय सशस्त्र बलों ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ प्रमुख आतंकी शिविरों को निशाना बनाया गया और उन्हें नष्ट कर दिया गया। यह 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई थी, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी।

## नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुई ममता बनर्जी

**कोलकता, 24 मई।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुईं। हालांकि, सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति में बैठक में पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व कौन करेगा, इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है। सूत्रों के हवाले से बताया कि बैठक में मुख्य सचिव मनोज पंत के मौजूद रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक राष्ट्रीय राजधानी में चल रही है।

नीति आयोग ने पहले एक बयान में कहा था, गवर्निंग काउंसिल की बैठक में 2047 के लिए विकसित भारत के लिए



विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के शुभारंभ के बाद से यह प्रधानमंत्री और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों के बीच पहली बड़ी बैठक भी होगी। वहीं, केंद्र शासित प्रदेश में एआईएनआरसी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन का नेतृत्व करने वाले पुडुचेरी के मुख्यमंत्री एन रंगासामी नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए। कांग्रेस से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम का हवाला देते हुए बैठक में भाग नहीं लिया, लेकिन उन्होंने अपना भाषण परिषद में पढ़ने के लिए भेज दिया। इसी तरह, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन, जो एक वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता हैं, ने बैठक में उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने कैबिनेट सहयोगी के एन बालगोपाल को भेजा। भाजपा के राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य ने इसे पश्चिम बंगाल के लोगों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नीति आयोग की बैठक में भाग न लेने का फैसला किया, खासकर तब जब कई अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी बैठक में मौजूद थे। भट्टाचार्य ने कहा कि बैठक में भाग न लेने से राज्य के लोग वंचित रह गए, क्योंकि पश्चिम बंगाल के मुद्दे वहां नहीं उठेंगे। राज्य सरकार ने पश्चिम बंगाल के लिए महत्वपूर्ण कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाने का मौका गंवा दिया है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा, ₹अगर वह बैठक में शामिल होतीं, तो मुख्यमंत्री कई मुद्दे उठा सकती थीं, जैसे कि राज्य के विकास के लिए आवश्यक केंद्रीय धन का वितरण न करना।

## फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के निर्माण स्थल पर मिट्टी ढहने से दो महिला मजदूरों की मौत

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को खुदाई के दौरान मिट्टी के ढेर के नीचे दबने से दो महिला मजदूरों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना अपराह्न करीब साढ़े 12 बजे हुई जब रेलवे स्टेशन के जीर्णोद्धार परियोजना के तहत बेसमेंट के लिए खुदाईका काम किया जा रहा था। उसने बताया कि मजदूरों का एक समूह मिट्टी हटाने के लिए गहराई में उतरा था तभी अचानक मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा ढह गया, जिससे चार मजदूर दब गए। घायलों को बाहर निकाल कर जिले के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बिहार के लखीसराय जिले की निवासी नविता (32) और पश्चिम बंगाल की निवासी नंदिता (34) को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## पुंछ में पीड़ितों से मिले राहुल गांधी, बच्चों का बढ़ाया हौसला

**पुंछ, 24 मई।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने पुंछ के एक स्कूल का दौरा किया और पाकिस्तान की सीमा पार से हो रही गोलाबारी से प्रभावित छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अब, आपने खतरा और थोड़ी भयावह स्थिति देखी है, लेकिन चिंता न करें, सब कुछ सामान्य हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समस्या से निपटने का आपका तरीका यह होना चाहिए कि आप खूब पढ़ाई करें और खूब खेलें और स्कूल में ढेर सारे दोस्त बनाएं।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी थी और इसमें कई लोगों की जान चली गई। बहुत बड़ा नुकसान हुआ है।

मैंने लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। उन्होंने मुझसे इस मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का अनुरोध किया है और मैं ऐसा करूंगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस महीने की शुरूआत में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के पीड़ितों से मिलने के लिए शनिवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले का दौरा किया।

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद लोकसभा में विपक्ष के नेता का यह दूसरा केंद्र शासित प्रदेश दौरा है।

इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें से अधिकतर पर्यटक थे। गांधी ने 25 अप्रैल को आतंकी हमले में घायल हुए लोगों से मिलने



के लिए श्रीनगर का दौरा किया था। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और कई हितधारकों से भी मुलाकात की थी। शनिवार की सुबह गांधी जम्मू हवाई अड्डे पर पहुंचे और सीमा पार से गोलाबारी से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और शोक संतप्त परिवारों से मिलने के लिए हेलीकॉप्टर से पुंछ के लिए रवाना हुए।









## परिंदों के लिए बांधे परिंडे



**चिराना।** हमारे आसपास रोज सुबह शाम विभिन्न प्रकार की पक्षियों की मधुर आवाज हमारे मन को सकून देने वाली लगती है और रंग बिरंगे उड़ते पक्षी प्रकृति को सुंदर बनाते है. इन बेजुबान पक्षियों के लिए तपती धूप की परवाह न कर मोक्षधाम जैसे निर्जन स्थान और आम राह में परिंडे लगाकर डॉ राजेंद्र कुमावत ने विचरण करते प्यासे व लाचार पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए दिलेरी दिखाते हुए पुण्य का काम किया है। एकादशी के पावन दिवस पर किए गए इस पुण्य कार्य में अनिल बारी, रामचंद्र सिंह,रणजीत सिंह,दयाल सिंह व संजय पाराशर ने सहयोग किया।

## बीएमसी के पूर्व अधीक्षक रामचंद्र पांडे का सम्मान



**सुल्तानपुर।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग के पूर्व अधीक्षक तथा हिंदी भाषी शिक्षकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय रामचंद्र पांडे का आज उनके गांव बेदूपारा, लंभुआ में उनके नवनिर्मित आवास पर गणपति बप्पा की प्रतिमा देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, राज्य पुरस्कृत शिक्षक एडवोकेट भारत पांडे, महापौर पुरस्कृत शिक्षक दिनेश सिंह, पूर्व शिक्षक रामशंकर पांडे, श्रृंगारमणि तिवारी समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। रामचंद्र पांडे की हिंदी के साथ-साथ मराठी, अंग्रेजी और संस्कृत में भी अच्छी पकड़ है। यही कारण है कि वे आज भी विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में विशेष रूप से आमंत्रित किए जाते हैं।

## नहाते समय नहर में डूबे दो भाई

**श्रावस्ती (उत्तरशक्ति)।** यूपी के श्रावस्ती में शनिवार की दोपहर नहाते समय दो भाई नहर में डूब गए। खबर मिली तो घर में चीख पुकार मच गई। कुछ ही देर में लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से उनकी तलाश करने में जुटी है। मामला हरदत्त नगर गिरंट थाना क्षेत्र के देवरा के माजरा भाटनदेवरा गांव का है। गांव निवासी सरवर (24) पुत्र शेर अली अपने छोटे भाई बसारत (22) के साथ दोपहर को राप्ती सरयू योजक नहर में नहाने गया था। दोनों ने अपनी चप्पल, कपड़ा, साबुन, तौलिया समेत अन्य सामान नहर के किनारे रख दिया। इसके बाद नहर में नहाने लगे। इसी समय पैर फिसलने से सरवार अचानक गहरे पानी में चला गया। उसे बचाने के लिए बसारत भी गहरे पानी में उतर गया। कुछ ही देर में दोनों भाई नहर में डूब गए। पास में मवेशी चरा रहे चरवाहों ने देखा तो भागकर पहुंचे। उन्होंने गांव आकर इसकी सूचना ग्रामीणों और परिजनों को दी। खबर मिली तो परिजन और ग्रामीण भागकर पहुंचे। उधर सूचना पर नायब तहसीलदार विजय प्रकाश गुप्ता के साथ मौके पर थानाध्यक्ष सौरभ सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

## छोटी से बात पर चले लाठी-डंडे, युवक की मौत

**सोनभद्र (उत्तरशक्ति)।** बेलदहा गांव में मामूली विवाद को लेकर बड़े भाई-भाभी ने युवक को लाठी-डंडे से इस कदर पीटा कि उसकी मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है। वह फूल के पौधे पर बच्चे द्वारा लघुशंका किए जाने से नाराज थे। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेलदहा गांव निवासी श्रीराम के पुत्र राजेंद्र और वीरेंद्र अगल-बगल रहते हैं। शुक्रवार को वीरेंद्र के पुत्र ने राजेंद्र के घर में लगे फूल के पौधे पर लघुशंका कर दिया। यह बात राजेंद्र और उसके घरवालों को नागवार लगी। इसे लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ। आरोप है कि इसी विवाद में राजेंद्र, उसकी पत्नी और बेटी ने लाठी-डंडा लेकर वीरेंद्र पर हमला कर दिया। उसकी जमकर पिटाई की। बीच बचाव में आए पिता श्रीराम को भी धक्का दे दिया। किसी तरह वीरेंद्र को उनके चंगुल से छुड़ाया गया। गंभीर हाल में परिजन उसे चोपन सीएचसी ले गए, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सीओ सिटी डॉ. चारू द्विवेदी ने बताया कि मामूली विवाद में बड़े भाई, उसकी पत्नी व बेटी ने मिलकर युवक की लाठी-डंडे से पिटाई की। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रकरण में मृतक की पत्नी की तहरीर पर केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

## बरातियों की कार पलटी, दूल्हे के भाई की मौत

**बांसगांव (गोरखपुर)।** मऊ जिले के घोसी कोतवाली क्षेत्र के अमरपुर जामडीह गांव के पास शुक्रवार की सुबह बरातियों की कार खाई में पलट गई। घटना में एक की मौत हो गई और कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि चालक को झपकी आने की वजह से हादसा हुआ है। मृतक की पहचान दूल्हे के भाई चंद्रमोल त्रिपाठी उर्फ दीपू (38) के रूप में हुई। वहीं, बांसगांव थाना क्षेत्र के पांडेय तिघरा निवासी किशन पांडेय (30), संदीप प्रजापति (30), भीटी तिवारी निवासी मदन तिवारी (18) और उनके भाई बिशु तिवारी (19) गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, बांसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम भीटी तिवारी के आनंद त्रिपाठी के यहां से बृहस्पतिवार की शाम बरात मधुबन थाना के खीरीकोठा गई थी। रातभर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराने के बाद भोर में बराती वापस लौट रहे थे। उनमें से एक कार मधुबन घोसी मार्ग होते हुए गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन की तरफ जा रही थी। सुबह करीब 6:30 बजे कार अमरपुर जामडीह गांव के पास पहुंची थी कि चालक को अचानक झपकी आ गई। इतने में कार पुलिया की रेलिंग से टकराई और खाई में पलट गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया। चारों की हालत गंभीर देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद बांसगांव के भीटी तिवारी गांव में कोहराम मच गया। शादी वाले घर में मातम छा गया।

## सीमेंट लदा ट्रेलर गड्ढे में पलटा, चालक ने कुद कर बचाई जान

**गोरखपुर (उत्तरशक्ति)।** एम्स थानाक्षेत्र के बहरामपुर बड़ी कुरमौल के पास शुक्रवार की देर रात मोतीराम अड्डा, कुसम्ही बाजार मार्ग पर सीमेंट लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। सड़क के नीचे गड्ढे था, जिसमें ट्रेलर जाकर पलट गया। गनीमत रही कि इसमें पानी भरा था, जिस वजह से ड्राइवर को मौका मिल गया। ड्रावर ने पानी में ही कूदकर आपनी जान बचाई। इस घटना में कोई हताहत होने हुआ।

## बिजली कर्मियों ने जलाई तानाशाही आदेशों की प्रतियां, बर्खास्त हो चेयरमैन

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** प्रदेश भर में विद्युत कर्मियों के आंदोलन के चौथे दिन शुक्रवार को वाराणसी में भिखारीपुर स्थित प्रबंध निदेशक कार्यालय पर हजारों बिजली कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर निजीकरण और बिजली दरों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी के खिलाफ आवाज बुलंद की। इस दौरान पावर कॉर्पोरेशन द्वारा जारी किए गए असंवैधानिक बर्खास्तगी आदेशों की प्रतियां भी जलाई गईं। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित इस विरोध सभा में वक्ताओं ने पॉवर कॉर्पोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल को हटाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि वह औद्योगिक अशांति का वातावरण बनाकर हड़ताल थोपने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही निदेशक वित्त निधि नारंग का



कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया जाना भी निजीकरण के संभावित घोटाले से जोड़कर देखा गया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 311(2) का उल्लंघन कर कर्मचारियों की बर्खास्तगी का आदेश देना लोकतंत्र का अपमान है। वक्ताओं ने कहा कि निदेशक वित्त निधि नारंग का कार्यकाल दूसरी बार बढ़ाया जाना भी इस घोटाले से जुड़ा है, क्योंकि उन्होंने विवादित कंसल्टेंट ग्रांट थॉर्टन को क्लीन चिट दी है। संघर्ष समिति के राजेंद्र सिंह, मनोज यादव, प्रमोद कुमार, ई. माया शंकर तिवारी सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि बिजली कर्मी शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उन्हें धमकाया जा रहा है और असंवैधानिक आदेश जारी किए जा रहे हैं। इस दौरान वक्ताओं ने सरकार और प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया और सीबीआई जांच की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे कर्मचारियों को धमकी देना निंदनीय है और सरकार को तत्काल हस्तक्षेप करना चाहिए। वक्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से हस्तक्षेप करते हुए चेयरमैन को पद से हटाने और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की। विरोध सभा की अध्यक्षता ई. एस.के. सिंह ने की और संचालन मीडिया सचिव एवं प्रभसारी अंकुर पांडेय ने किया। सभा को ई. सियाराम, संदीप कुमार, अनिल कुमार, संतोष वर्मा, हेमंत श्रीवास्तव, सतीश बिंद आदि ने संबोधित किया।

## काशी में गूंजा शौर्य का स्वर, ऑपरेशन सिंदूर को तिरंगे से सलाम

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** देश की सेना की वीरता और पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर करारा प्रहार करने वाले ऑपरेशन सिंदूर को काशी ने शनिवार को ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा निकालकर सलामी दी। भारतीय सेना के पराक्रम और आतंक के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को समर्पित विशाल भारत शौर्य तिरंगा यात्रा काशी की धरती को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

गगनभेदी नारों और हाथों में लहराते तिरंगों के बीच यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसमें हजारों लोगों ने भाग लेकर सेना के शौर्य को नमन किया। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ गेट नंबर-2 से प्रारंभ हुई यह भारत शौर्य तिरंगा यात्रा सरदार पटेल चौराहा, मलदहिया, लहुराबीर होते हुए संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय मैदान तक पहुँची। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान देशभक्ति के नारों से काशी की गलियां गूंज उठीं।

उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में सेना के शौर्य और सम्मान के लिए इस भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन कर हम ह्यभारत एक है, भारत श्रेष्ठ है, भारत विजेता है का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा भारत की एकता और सेना के शौर्य को समर्पित है। देश की रक्षा में खड़े हर सैनिक को हम नमन करते हैं।

यात्रा में विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, महिलाएं, एनसीसी कैडेट, स्काउट-गाइड, सामाजिक संगठनों, व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि, डॉक्टर, अधिवक्ता, पूर्व सैनिक और आम नागरिक पारंपरिक वेषभूषा में हाथों में तिरंगा लिए शामिल हुए। भारत माता की जय और वंदे मातरम्‌ के जयघोष से पूरा माहौल राष्ट्रप्रेम से सराबोर हो गया।

तिरंगा यात्रा के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं 250-250 मीटर लंबे विशाल तिरंगे को थामे आगे-आगे चल रहे थे। उनके साथ हाथों में झंडा लिए हजारों लोग शामिल थे। खास यह है कि यात्रा में शामिल छात्र-छात्राएं भारत माता की जयकार लगाते चल रहे थे, जो देशभक्ति का अद्भुत दृश्य बना।

यात्रा से पूर्व अतिथियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल और चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता, सूबे के स्टांप शुल्क पंजीयन राज्य मंत्री रवीन्द्र जायसवाल, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक त्रिभुवनराम, नीलकंठ तिवारी, विधायक डा अवधेश सिंह, महापौर अशोक तिवारी, विश्वविद्यालयों के कुलपति आनंद कुमार त्यागी, प्रो. बिहारीलाल शर्मा, संतगण, समाजसेवी, सेना के पूर्व अधिकारी और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि के अलावा, मंडलायुक्त एस राजलिंगम, जिलाधिकरी सत्येन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

दोपहर से ही लोग तिरंगा लिए जुटने लगे। महिलाएं, छात्र-छात्राएं, पूर्व सैनिक, सामाजिक संगठन, डॉक्टर, अधिवक्ता, व्यापारी संगठनों से लेकर सफाईकर्मी तक इस यात्रा का हिस्सा बने। एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड, पैरामिलिट्री बलों और पुलिस के बैंड ने जोश बढ़ा दिया। शाम 5 बजे तक खेल मैदान पूरी तरह ठसाठस भर गया. स्कूली छात्र-छात्राएं, महिलाएं, पूर्व सैनिक, सामाजिक संस्थाएं, व्यापारी संगठन, विभिन्न भाषाई समुदाय पारंपरिक वेशभूषा में तिरंगा थामे जयघोष करते चल रहे थे। भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण गूंज उठा। 250-250 मीटर लंबे विशाल तिरंगे को छात्र-छात्राओं ने हाथों में लेकर यात्रा में शामिल होकर विशेष दृश्य प्रस्तुत किया।

## होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की ऑल - न्यू सीबी 750 हॉर्नेट और सीबी 1000 हॉर्नेट



पटना(उत्तरशक्ति)। होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने अपने प्रीमियम पोर्टफोलियो में दो दमदार नई मोटरसाइकलों – सीबी 750 हॉर्नेट और सीबी 1000 हॉर्नेट एसपी के लॉन्च की घोषणा की। इन दोनों मोटरसाइकलों की बुकिंग अब खुल चुकी है और इनकी डिलीवरी जून 2025 से शुरू की जाएगी। नई होंडा सीबी 750 हॉर्नेट की कीमत 8,59,500 (एक्स-शोरूम) रखी गई है, जबकि सीबी 1000 हॉर्नेट एसपी की कीमत 12,35,900 (एक्स-शोरूम) निर्धारित की गई है। नई प्रीमियम मोटरसाइकलों की शुरूआत पर होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया के प्रबंध निदेशक, प्रेसीडेंट और सीईओ त्सुत्सुमु ओटानी ने कहा, भारत का प्रीमियम मोटरसाइकल सेगमेंट वर्षों से शानदार विकास कर रहा है, खासकर उन युवाओं के बीच जो स्टाइल के साथ परफॉर्मेंस की तलाश में रहते हैं।

सीबी 750 हॉर्नेट और सीबी 1000 हॉर्नेट एसपी के लॉन्च के साथ, हम फन बाइकिंग के क्षेत्र में अपनी मौजूदगी को और मजबूत करना चाहते हैं। ये मोटरसाइकलें होंडा की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता, एग्रेसिव डिजाइन और रोमांचक परफॉर्मेंस की विरासत को दशार्ती हैं। हमें पूरा विश्वास है कि ये हॉर्नेट्स उन राइडर्स को जरूर पसंद आएंगी जो एक डायनामिक और स्पोर्टी राइडिंग अनुभव की तलाश में हैं।

लॉन्च के अवसर पर होंडा मोटरसाइकिल और स्कूटर इंडिया के सेल्स एंड मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, ये मोटरसाइकलें अत्याधुनिक तकनीक, प्रतिष्ठित डिजाइन और प्रभावशाली रोड प्रजेंस के संगम से बनी हैं, जो इन्हें अपने-अपने सेगमेंट में एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं। भारत में परफॉर्मेंस मोटरसाइकल्स की बढ़ती मांग हमें रोमांचित करती है, और हमें विश्वास है कि ये हॉर्नेट्स हर रोमांच पसंद करने वाले राइडर को पसंद आएंगी। हम बाइकिंग कम्युनिटी से शानदार प्रतिक्रिया की आशा करते हैं।

## बेसिक शिक्षा विभाग के लंबित कार्यों पर डीएम ने जताई नाराजगी

**आजमगढ़।** डीएम रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कस्तूरबा गांधी विद्यालयों के उन्नयन के लिए 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में बालिकाओं के लिए छात्रावास, एकेडमिक ब्लॉक और कंप्यूटर लैब निर्माण जैसे कार्यों को पूर्ण गति से निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं उप्र राज्य निर्माण निगम और श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड की कार्यशैली व धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बीएसए को तत्काल नोटिस जारी करने और एक महीने में अपेक्षित प्रगति न होने पर यूपी सीएलडीएफ को ब्लैक लिस्ट करने के लिए शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए। साथ ही, मुख्यमंत्री अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय और मुख्यमंत्री कंपोजिट विद्यालय के निर्माण में लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पर भी नाराजगी जताई और बीएसए को शासन को पत्र भेजने का निर्देश दिया। डीएम ने अविद्युतीकृत विद्यालयों में विद्युत संयोजन और परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजरने वाले हाई टेंशन तारों को हटाने के लिए बीएसए को विद्युत वितरण निगम के एमडी को पत्र लिखने के निर्देश दिए। पीएम श्री योजना के तहत विद्यालयों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। आधार के अभाव में डीबीटी सुविधा से वंचित बच्चों के लिए डीएम ने प्रत्येक दशा में आधार बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को प्रधान और प्रधानाध्यापकों के माध्यम से जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर आधार कार्ड बनवाने का आदेश दिया। आरटीई के तहत चयनित छात्र-छात्राओं की पात्रता निर्धारित मापदंडों के अनुसार जांचने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने विद्यालयों में नामांकन के आधार पर मिड डे मील न बनने की समस्या को गंभीरता से लेते हुए भ्रमण कर नामांकन सत्यापन करने को कहा। साथ ही, डीआईओएस और बीएसए को आपसी समन्वय के साथ बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों के लिए समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए।

## सेना के सम्मान में निकली तिरंगा यात्रा, लोगों ने की पुष्पवर्षा



आजमगढ़। पहलगाम घटना के बाद ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकवादियों को करारा जवाब दिया। उनके कई ठिकानों को जमींदोज कर दिया। सेना के पराक्रम पर जिले में तिरंगा यात्रा निकालने का क्रम जारी है। लाटघाट में भाजपा हरैया मंडल अध्यक्ष सुधीर राय के नेतृत्व में कार्यकताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। ब्लॉक परिसर से तिरंगा यात्रा का शुभारंभ बीडीओ रबि कुमार ने ने किया। इस मौके पर रेनू गोस्वामी, कैलाश गिरी, सुनीता पटेल, अंजना आदि मौजूद थे। पल्हना में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर मंडल अध्यक्ष विक्रांत सिंह के नेतृत्व में पल्हना से बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। पल्हना तिराहे पर महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष छाया गौड़ व मंडल मंत्री सीता यादव के साथ महिलाओं ने स्वागत किया। इसके बाद महिलाओं ने तिरंगा अपने हाथों में लेकर पल्हना बाजार में पदयात्रा किया। सगड़ी में क्षेत्र के जीयनपुर बाजार से सेना के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में भाजपा नेता संतोष सिंह टीपू, के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। अहरौला में ऑपरेशन सिंदूर व सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। अहरौला तिराहे से तिरंगा यात्रा निकल कर मतलूबपुर, पकड़ी, होते हुए चांदनी चौक पहुंची। फूलपुर में शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष रामाशीष बरनवाल, रत्नेश बिंद के नेतृत्व में श्रीराम लीला मैदान से तिरंगा यात्रा शुरू हुई। नपं अध्यक्ष ने कहा कि सेना का शौर्य और बलिदान देश के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात है। देवगांव में भारतीय सेना के पराक्रम और सम्मान को समर्पित लालगंज नगर में शुक्रवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## तेज रफ्तार कार की चपेट आने से बाइक सवार युवकों की मौत

**हंडिया (प्रयागराज)।** हंडिया थाना क्षेत्र के ब्यूर चौराहे के पास शुक्रवार की देर रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक बरात से लौट रहे थे कि हादसे के शिकार हो गए। घटना के बाद बरात में भी हलचल मची रही। राकेश कुमार यादव (33) पुत्र संतलाल निवासी कुंदनपुर थाना सरायममरेज प्रयागराज अपने रिश्तेदार सालिक राम यादव निवासी अर्जुनपट्टी के लड़के की बरात में हिस्सा लेने के लिए हंडिया थाना क्षेत्र के कनकपुर ब्यूर गांव गए थे। उनके साथ में प्रदीप कुमार यादव (22) वर्ष पुत्र रामसागर निवासी निबिहां थाना कोइरौना जनपद भदोही भी थे। देर रात बरात से पानी पीने के बाद दोनों युवक बाइक से सैदाबाद की ओर निकल पड़े। वह जैसे ही ब्यूर चौराहे के पास पहुंचते हैं कि सैदाबाद से सिरसा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों छिटककर दूर जा गिरे। जिससे दोनों युवकों को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने हंडिया पुलिस को दी।

दुर्घटना की खबर चौराहे से 500 मीटर दूर बरातियों को भी हुई। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी। राकेश कुमार मुंबई में रहकर ड्राइवरी करके अपने परिवार का खर्च चलाते थे। वह चार भाइयों एवं तीन बहनों में तीसरे नंबर पर थे। राकेश की एक लड़की परी (6) और सात माह का एक पुत्र है। घटना से शांति देवी एवं पत्नी वंदना देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## प्रदेश में 29 मई से बिजली कर्मियों की हड़ताल

**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** आपकी बिजली कनेक्शन लेने की इच्छा है। कनेक्शन का बिल बकाया है, मगर उसको जमा नहीं कर रहे हैं। ये बिजली संबंधी आपके जो भी काम हों, यह सब आप 29 मई से पहले निपटा लें, नहीं तो अटक सकते हैं। दरअसल, दो कंपनियों पूर्वांचल व दक्षिणांचल की बिजली व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपने की चल रही कार्रवाई के विरोध में लखनऊ समेत प्रदेशभर में कर्मचारी और अभियंता 29 मई से कार्यालय तो आएंगे, मगर उपभोक्ता का काम नहीं करेंगे। इनकी ओर से बेमियादी कार्य बहिष्कार शुरू करने का नोटिस जारी किया गया है, जिससे बिजली महकमे में हड़कंप मचा है। इससे राजधानी के 14 लाख उपभोक्ताओं की बिजली व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। उपकेंद्र, उपखंड, खंड के कर्मचारी एवं अभियंता काम करना बंद कर देंगे तो हड़ताल (कार्य



बहिष्कार) होने तक न तो बिजली कनेक्शन पाएंगे और न ही कटी बिजली चालू हो सकेगी।

जेई संगठन ट्रांस एवं सिस गोमती इकाई के अध्यक्ष क्रमशः चंदशेखर व अरविंद कुमार और विद्युत तकनीकी कर्मचारी एकता संघ के केंद्रीय अध्यक्ष वीके सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि बेमियादी कार्य बहिष्कार आंदोलन के दौरान नियमित कर्मचारी, अभियंता प्रमुख रूप से चार कामों का बहिष्कार करेंगे। यह चार काम उपभोक्ता एवं विभाग की लिहाजा से बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। बाकी बिल पर नहीं कटेंगे कनेक्शन, 29 मई से उपकेंद्र के कर्मचारी व अभियंता बाकी बिल पर उपभोक्ता का कनेक्शन काटना बंद कर देंगे। कनेक्शन नहीं कटेंगे तो आय ठप हो जाएगी। उपभोक्ता के नहीं जमा करेंगे बिल, पावर कॉर्पोरेशन ने जिन कर्मियों की ड्यूटी कैश कलेक्शन सेंटर पर बिल जमा करने की लगाई है, वह बहिष्कार करेंगे। इससे उपभोक्ता के बिल जमा नहीं करेंगे। आवेदकों को नहीं मिल सकेंगे कनेक्शन : पावर कॉर्पोरेशन के झटपट पोर्टल पर आवेदन होने वाले बिजली कनेक्शन की कोई सुनवाई नहीं होगी। जब तक जेई की रिपोर्ट नहीं लगेगी, तब तक नए कनेक्शन नहीं मिल सकेंगे। बिलिंग एजेंसी की ओर से जिन उपभोक्ताओं के गलत रीडिंग के बिल बना दिए जाते हैं, उनको कर्मियों की मीटर की जांच के बाद संशोधित किया जाता है। बहिष्कार से यह काम भी नहीं होगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की ओर से निजीकरण की लड़ाई में आमजन से भी सहयोग का आह्वान किया गया है। इसीलिए बेमियादी कार्य बहिष्कार के दौरान बिजली आपूर्ति में आने वाले ब्रेकडाउन का निराकरण करेंगे, जिससे उपभोक्ताओं को इस गर्मी में परेशानी न हो। उधर, समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे का मानना है कि निजीकरण से पूंजीपतियों के हाथ में बिजली व्यवस्था पहुंच जाएंगी।










